महत्वपूर्ण एवं खास

छत्तीसगढ़ से मजदूरों को हैदराबाद ले रही बस पलटी, एक की मौत, 12 घायल

रायपुर (आरएनएस)। चंद्रपुर जिले के राजुरा तहसील में विरुर-धानोरा मार्ग पर शनिवार तडक़े एक निजी ट्रैवल बस पलट जाने से एक यात्री की मौत हो गई. घटना में 12 यात्री घायल हो गए, जिन्हें राजुरा उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में कई यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है. यह बस मजदूरों को छत्तीसगढ़ से हैदराबाद ले जा रही थी। पुलिस के अनुसार आज तडक़े यह बस राजुरा तहसील में पलट गई. इस हादसे में मरने वाले यात्री की पहचान चेतन रात्रे के रूप में हुई है. बस में कुल 32 मजदूर सफर कर रहे थे। यात्रियों के सोते समय हादसा होने से दुर्घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल बचाव कार्य शुरू कर दिया।

आदिवासी वनांचल की बेटियां खेलेंगी लखनऊ में

नगरी (आरएनएस)। सिहावा क्षेत्र से एकल विद्यालय से चयनित कुमारी दामिनी नेताम बोकराबेड़ा एवं योगनी मरकाम कसपुर डिहीपारा लम्बी कूद और दौड़ में राष्ट्रीय स्तर पर चयन पश्चात लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कल प्रात: 09 बजे रवाना होंगी। बजरंग चौक नगरी में उपस्थित होकर इनका हौसला अफजाई करने नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की गई है।

अंतरराष्ट्रीय रेफरी मोहम्मद गौस बेग सीनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप गुवाहाटी के लिए चयनित

रायपुर (आरएनएस)। वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 71वीं सीनियर नेशनल वॉलीबाल महिला एवं पुरुष चैंपियनशिप का आयोजन 2 फरवरी से 9 फरवरी 2023 तक गुवाहाटी आसाम में आयोजित की जा रही है 7 यह भारत की वॉलीबाल खेल की सबसे बड़ी चैंपियनशिप है, जहां भारतीय वॉलीबाल महिला एवं पुरुष टीम का गठन किया जाएगा7 भारत के विभिन्न राज्यों सहित इंडियन रेलवे और सर्विसेज से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में शिरकत करेंगे। भारत की इस चैंपियनशिप के सफल संचालन हेतु भारत के राज्यों से कुल 15 रेफरी को आमंत्रित किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से सिर्फ मोहम्मद गौस बेग अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल रेफरी को आमंत्रित किया गया है। गौस बेग की इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में रेफरी के रूप में चयन किया जाना सूरजपुर जिले के लिए गौरव का विषय है। गौस बेग सूरजपुर जिला ही नहीं पूरे सरगुजा संभाग के किसी भी खेल के एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय रेफरी है।

क्विज प्रतियोगिता में बस्तर और सरगुजा संभाग प्रथम

रायपुर (आरएनएस)। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में सरगुजा संभाग और 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में बस्तर संभाग के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें दो महिला प्रतिभागियों ने भी दिमागी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ज्यादातर प्रश्न छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित थे, जिसमें सबसे ज्यादा आबादी वाला जिला कौन सा है? छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष, राज्य में कुल कितने संभाग हैं? कई सवालों के जवाब प्रतिभागियों ने बहुत ही आसानी से दिए, वहीं विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन सी है? गर्म पानी का झरना क्यों गर्म होता है? जैसे सवालों पर प्रतिभागी जूझते रहे। प्रतियोगिता में 15 से 40 आयु वर्ग में सरगुजा संभाग से विनय कुमार गुप्ता ने प्रथम, बिलासपुर के सूरज कुमार सोनी द्वितीय, रायपुर से मोनेश कुमार साहू तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ के मिलेट कैफे को सराहा

- 9 माह में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी ख्याति बना चुका है रायगढ़ का मिलेट कैफे
- कैफे में मिलता है रागी से बना चीला, इडली, डोसा, मोमोज, पिज्जा और कोदो की बिरयानी
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट हब बन रहा है छत्तीसगढ़
- मिलेट मिशन से मिला मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा

रायगढ़। रायगढ़ के नटवर स्कूल के पास एक मिलेट कैफे चल रहा है। यूं तो कई खूबियों के कारण यह अपने आप में अनूठा कैफे है। इस कैफे में रागी, कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाजों से बने लजीज व्यंजन परोसे जाते हैं। जिसमें स्वाद के साथ सेहत की जुगलबंदी होती है। इस कैफे को प्रदेश के पहले मिलेट कैफे होने का गौरव हासिल है, जिसके संचालन का जिम्मा पूरी तरह महिलाओं के हाथों में है। आज इसकी पहचान में एक नई खासियत जुड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बातÓ कार्यक्रम में इसका जिक्र कर इस मिलेट को बढ़ावा देने की पहल को सराहा। उन्होंने देशवासियों से कहा कि जब छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जाने का मौका मिले तो मिलेट कैफे जाकर वहां के व्यंजनों का आनंद जरूर उठाएं। इस कैफे में रागी से बने पास्ता, चीला, इडली, मंचूरियन, मोमोज, पिज्जा, नूडल, दोसा, कोदो से बनी बिरयानी का स्वाद लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मनाया जा रहा है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रागी, कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाजों और लघु धान्य फसलों की पैदावार बढ़ाने, इनकी खरीदी की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने और इनकी प्रोसेसिंग कर इन्हें शहर के बाजारों तक पहुंचाने के लिए मिशन-मिलेट शुरू किया गया है। राज्य सरकार ने कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य तय करने के साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के दायरे में इन्हें भी शामिल किया है। प्रदेश के 14 जिलों को इस मिशन में शामिल किया गया है। इसके लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च हैदराबाद से एमओयू किया गया है। एमओयू के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च हैदराबाद छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने, तकनीकी जानकारी, उच्च क्वालिटी के बीज की उपलब्धता और सीड बैंक की स्थापना के लिए सहयोग और मार्गदर्शन दे रहा है।

छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी, रागी की समर्थन मूल्य पर की जा रही है खरीदी- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में मिलेट्स को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का ना सिर्फ समर्थन मूल्य घोषित किया गया अपितु समर्थन मूल्य पर खरीदी भी की जा रही है। इस पहल से छत्तीसगढ़ में मिलेट्स का रकबा डेढ़ गुना बढ़ा है और उत्पादन भी बढ़ा है। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधायकों और मीडिया के लिए मिलेट्स से बने व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए दोपहर भोज का भी आयोजन किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ में मिलेट कैफे भी प्रारंभ हो चुका है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नथिया-नवागांव में मिलेट्स का सबसे बड़ा प्रोसेसिंग प्लांट भी स्थापित किया जा चुका है। मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए गौठानों में विकसित किए जा रहे रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट लगाए जा रहे हैं।

सदियों पुराने सेहतमंद खानपान की शैली को फिर से मिल रहा प्रोत्साहन- कई पीढ़ियों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। किंतु आज इनका उपयोग सीमित हो गया है। ये अनाज सेहत के लिए जरूरी बहुत से पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इस कैफे से लोगों को इन अनाजों से तैयार व्यंजन के रूप में सेहतमंद विकल्प मिलेंगे। इस मिलेट कैफे की शुरुआत मई 2022 में की गई है।

मिलेट कैफे से महिला उद्यमिता को मिल रहा है बढ़ावा- इस कैफे की शुरुआत तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर जिला प्रशासन के द्वारा हुआ। इसका संचालन विकास संघ महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें तकनीकी सहयोग महिला बाल विकास विभाग और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के लिए मिलेट्स आधारित कैफे की शुरुआत की गयी है।

80 नग पन्नी पाऊच महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। अवैध शराब पर पूंजीपथरा पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। 27 जनवरी को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा ग्राम गेरवानी में दो युवकों को 11 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा गया था, दोनों अवैध बिक्री के लिए शराब बनाकर रखे हुए थे। इसी क्रम में कल 28 जनवरी को मुखबिर सूचना पर गेरवानी के निरंजन अगरिया के घर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि निरंजन अगरिया घर पर अवैध रूप से महुआ शराब बेचता है। निरंजन अगरिया से शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ पर आरोपी ने घर के पीछे बाडी में छिपाकर रखे एक प्लास्टीक थैला अंदर रखा प्लास्टिक पन्नी के पाउच में भरा 80 नग (प्रत्येक पन्नी में करीब 180 ml महुआ शराब) जुमला 14.400ml कीमत करीब 4,000 रूपये को निकालकर पेश किया गया जिसे विधिवत जप्ती कर आरोपी निरंजन अगरिया पिता स्वर्गीय सीताराम अगरिया उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम गेरवानी लोहारपारा के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के नेतृत्व में शराब रेड कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद यादव, आरक्षक नरेश रजक, भगवती प्रसाद रत्नाकर शामिल थे।

घरघोड़ा पुलिस ने दबिश देकर दुष्कर्म के आरोपी किया गिरफ्तार

- दुष्कर्म की शिकायत लेकर थाने पहुंची युवती की रिपोर्ट पर की गई त्वरित कार्यवाई

रायगढ़। दिनांक 29.01.2023 के सुबह थाना क्षेत्र लैलूंगा की युवती अपने परिजनों के साथ लिखित आवेदन लेकर थाना लैलूंगा पहुंची। परिजन बताये कि युवती के साथ ग्राम कया निवासी परदेशी सारथी (22 साल) द्वारा पिछले साल नवंबर माह में डरा धमकाकर दुष्कर्म किया गया है।

पीड़िता की लिखित शिकायत पर महिला सहायक उप निरीक्षक द्वारा अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम ने तत्काल आरोपी पतासाजी के लिये थाने से सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम के हमराह स्टाफ घरघोड़ा रवाना किया गया। जहां पुलिस टीम ने गांववालों से आरोपी के सकुनत की जानकारी लेकर उसके मकान की घेराबंदी कर आरोपी परदेशी सारथी को हिरासत में लेकर थाना लाये। पीड़िता बताई कि परदेशी सारथी उसके गांव आता-जाता था। 06 नवबंर 2022 को रात, माता-पिता मोहल्ले में थे, घर में अकेली थी। उसी समय परदेशी घर आया और अकेली देखकर बलपूर्वक जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया और शादी करूंगा कहकर अपने साथ ले गया और करीब दो सप्ताह साथ रखा। घरवालों को बताने का प्रयास की पर परदेशी सारथी डराया-धमकाया इसलिए किसी को नहीं बताई। जब परदेशी अपने गांव कया लेकर आया तो घरवालों तक सूचना पहुंचाई और घर गई।

परदेशी के डराने-धमकाने और लोक लॉज से रिपोर्ट दर्ज नहीं करायी थी। पीड़ित युवती के रिपोर्ट पर धारा 376(2)(n),457,506 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी के कहीं फरार होने के पूर्व लैलूंगा पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक परमेश्वर पैंकरा, आरक्षक इलियास केरकेट्टा और नेहरू भगत की प्रमुख भुमिका रही है।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर अब तक लगभग 6 करोड़ रूपए की 18 हजार क्विंटल से अधिक कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी

- 15 फरवरी तक होगी समर्थन मूल्य पर खरीदी
- प्रदेश की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों में की जा रही है खरीदी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी एवं रागी की फसलों को बढ़ावा देने के लिए इनकी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 60 लाख रूपए मूल्य की 18 हजार 328 क्विंटल कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी हो चुकी है।

राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोदो की खरीदी 30 रूपए प्रति किलो, कुटकी की खरीदी 31 रूपए और रागी की खरीदी 35.78 रूपए प्रति किलो की दर से की जा रही है। अब तक 15 हजार 889 क्विंटल कोदो, 793 क्विंटल कुटकी और 1 हजार 646 क्विंटल रागी की खरीदी की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी और रागी फसलों की खरीदी 15 फरवरी 2023 तक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों द्वारा कोदो, कुटकी और रागी की खरीदी की जा रही है। प्रमुख सचिव वन मनोज कुमार पिंगुआ ने बताया कि किसानों के हित में इसका दायरा बढ़ाकर अब पूरे प्रदेश में राज्य लघु वनोपज संघ की समस्त प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से इन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य के ऐसे क्षेत्र, प्राथमिक लघु वनोपज समिति अथवा जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र से बाहर स्थित है, ऐसे ग्रामों, क्षेत्रों को चिन्हांकित कर समीपस्थ प्राथमिक लघु वनोपज समिति एवं जिला यूनियन के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है। जिससे ऐसे क्षेत्रों में कोदो, कुटकी एवं रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी हो सके और इन फसलों का संग्रहण करने वाले संग्राहकों को समर्थन मूल्य का लाभ मिले।

रायगढ़ जिले में पहुंची हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की पहली यूरिया रैक

रायगढ़। हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की भारत निर्मित यूरिया की पहली रैक रायगढ़ जिले के खरसिया रैक पॉइंट पर पहुंची, जिसका स्वागत एडीए रायगढ़ हरीश राठौर के द्वारा फीता काटकर किया गया। एचयूआरएल के द्वारा स्वदेशी यूरिया का उत्पादन तीन प्लांटों में हो रहा है, जिसकी क्षमता 12 हजार मी.टन प्रतिदिन है। एचयूआरएल का यूरिया कारखाना सिंदरी झारखंड, बरौनी बिहार और गोरखपुर उत्तरप्रदेश में स्थित है। जिले के किसानों को यूरिया 266.50 रुपये में उपलब्ध कराने के लिए संस्था के द्वारा परिवहन का खर्च स्वयं वहन किया जा रहा है। राठौर ने बताया कि आने वाले समय में एचयूआरएल के माध्यम से लगातार जिले में यूरिया की उपलब्धता बनी रहेगी और खरीफ में यूरिया की कोई कमी जिले में नहीं होगी। इस मौके पर एचयूआरएल के राज्य प्रभारी आशीष विजय, लॉजिस्टिक प्रबंधक देवाशीष मुखर्जी, सहायक प्रबंधक बिलासपुर सौरभ श्रीवास्तव, विपणन अधिकारी शुभम पांडेय एवं सौम्य सुमन उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की अनिश्चित कालीन हड़ताल हुई शुरू

जगदलपुर (आरएनएस)। जिलेभर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई है। बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन जारी है। बस्तर जिला में रविवार से कृषि उपज मंडी प्रांगण में हड़ताल की शुरुआत हुई है। दावा है कि मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रहेगा, आंबा कार्यकर्ता-सहायिकाओं के हड़ताल से जिले भर के आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटक गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इसमें कलेक्टर दर से वेतन, सुपरवाइजर के पद पर पदोन्नति, पेंशन और शासकीय सेवकों की तरह सुविधाएं अहम है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन्हें कलेक्टर दर से वेतन देने का दावा किया था, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के चार साल बाद भी इस दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। कार्यकर्ता- सहायिकाएं लगातार अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया है। इसके चलते अब अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की गई है।

रविवार को जिलेभर की कार्यकर्ता-सहायिकाएं कलेक्ट्रेट के सामने धरना स्थल पर जुटी रही। जो अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करती रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों के खिलाफ नारेबाजी की। आंबा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं को संचालित किया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण, गर्भवतियों की जांच, पोषण आहार का वितरण जैसे प्रमुख कार्य संचालित होते हैं। लेकिन अब हड़ताल से यह सभी कार्य प्रभावित रहेंगे। इधर प्रशासन के पास आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन के लिए कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है।

सरलता एवं सौम्यता जनजातीय समाज की पहचान, समृद्ध आदिवासी संस्कृति व परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हो समाज के लोग: राज्यपाल उइके

- आदिवासी सेवा मंडल की 18 वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुईं राज्यपाल उइके

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज आदिवासी सेवा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित 18 वें युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुईं। राज्यपाल ने इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना कर परिचय सम्मेलन की सफलता तथा देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली कामना की। कार्यक्रम स्थल पर राज्यपाल सुश्री उइके का आदिवासी परंपरा के अनुरूप आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल ने इस दौरान परिचय सम्मेलन में शामिल होने आए युवक-युवतियों को अपना स्नेहाशीष दिया।

परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुश्री उइके ने आदिवासी समाज के उत्थान और बेहतरी के लिए आदिवासी सेवा मंडल द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेवा मंडल, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदिवासी लोक कलाओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से समाज के मूल्यों और परंपराओं को संरक्षित करने में अपनी भूमिका निभा रहा है। साथ ही इसके माध्यम से रीति-रिवाजों और मान्यताओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आदिवासी युवाओं और युवतियों के लिये योग्य जीवन साथी की तलाश में आ रही कठिनाई को दूर करने के लिए इस मंच के माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इससे समय के साथ-साथ धन की भी बचत होती है। उन्होंने सरलता एवं सौम्यता को जनजाति समाज की पहचान बताया और सभी से समृद्ध आदिवासी संस्कृति व परंपराओं बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्ध होने का आग्रह किया।

राज्यपाल ने समाज के प्रबुद्धजनों से कहा कि आदिवासियों की समस्याओं के निराकरण के प्रति अपना दृष्टिकोण सकारात्मक रखें। यदि जनजातीय समाज का कोई व्यक्ति आपके पास अपनी समस्या लेकर आए तो उन्हें गंभीरतापूर्वक सुने और आगे बढक़र सहयोग करें। इससे समाज में परस्पर सहभागिता और विश्वास बढ़ेगा।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में समाज के बालक एवं बालिकाओं को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजने को कहा और शिक्षा को ही उन्नति और प्रगति के लिए जरूरी बताया। इस दौरान उन्होंने अन्य समाज की अच्छाईयों को भी स्वीकार करने और दिनोंदिन महंगे हो रहे शादी-विवाह की फिजूल खर्ची के बजाय पुरानी संस्कृति को अधिक अहमियत देने को जरूरी बताया। संबोधन के अंत मे उन्होंने विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदो तक पहुंचाने को कहा।

इस अवसर पर प्रकाश सिंह ठाकुर, युवक-युवतियां, अभिभावक और समाज के सदस्य उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480